## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 30 अप्रेल 2015 को आयोजित  बैठक का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 30 अप्रेल 2015 को दोपहर 12 .15 बजे बजे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रथम बैठक कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में भूतल स्थित सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई जिसमें कार्यपालक निदेशक ने पोसोको कार्यालय के सभी विभागाध्यक्षों व सभी कार्मिकों को राजभाषा हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया |

1.0 सर्वप्रथम नोडल अधिकारी  ने कार्यपालक निदेशक(रा भा प्रे के)  सभी सदस्यों और सभी कार्मिकों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया |

2.0 अध्यक्ष महोदय की अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक ने गत बैठक की समीक्षा की और राजभाषा  हिन्दी में किए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया और सभी विभागाध्यक्षों से अपने अपने विभाग में राजभाषा हिन्दी में कार्य करने को बढ़ावा देने हेतु आग्रह किया |

3.0 श्री एम के गुप्ता, मुख्य वित्त अधिकारी ने बताया कि चेक हिन्दी में भरे जा रहे हैं और संबन्धित कंपनियों को अग्रिम पत्र के साथ हिन्दी में ही भेजे जा रहे हैं |

4.0 श्री एस आर नरसिंहन ने बताया कि उनके विभाग में भी अधिकतम कार्य राजभाषा हिन्दी में किए जाने का प्रयास किया जा रहा है |  कार्यपालक निदेशक ने उन्हें पोसोको कार्यालय के तकनीकी और बाजार प्रचालन की कुछ स्लाइडों को हिन्दी में बनाने हेतु कहा |

5.0 कार्यपालक निदेशक ने अखिल भारतीय मानचित्र के हिन्दी संस्करण की एक प्रति को गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग को भेजने हेतु भी अपना अनुमोदन दिया |

6.0 मानव संसाधन विभाग ने कहा कि तकनीकी प्रशिक्षण की सामाग्री को सभी प्रशिक्षुओं को हिन्दी में दिए जाने का प्रयास किया जाएगा और जल्द ही पट्टा(लीस)को हिन्दी में अनुवादित कर के जारी किया जाएगा |

7.0 कार्यपालक निदेशक ने अन्य विभागों को भी पोसोको की वेबसाइट पर राजभाषा फोल्डर की तरह अन्य विभागों की सामाग्री को भी  अधिक से अधिक हिन्दी में करने के उपरांत लोढ करने हेतु कहा | |

8.0 सामाग्री विभाग ने कहा कि एल औ ए का हिन्दी रूपान्तरण कर लिया जाएगा |

9.0 कार्यपालक निदेशक ने श्री अशोक मारवाह के सेवानिवृत होने पर उनके स्थान पर श्रीमति शर्मिला मोढ़वाल, मुख्य प्रबन्धक(मानव संसाधन) को सदस्य के रूप में मनोनीत किया |

10.0 अंत में नोडल अधिकारी(राजभाषा) ने अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने हेतु धन्यवाद दिया |

अवलोकानार्थ व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)

नोडल अधिकारी(राजभाषा)

दिनांक 30 अप्रेल 2015

मुख्य प्रबन्धक (मानव संसाधन)

कार्यपालक निदेशक( रा भा प्रे के)

मुख्य कार्यपालक अधिकारी (पोसोको)